हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 20 दिसंबर 2023

04 हम सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाएंगे ...



07 डॉक्टर दलोद्रिया के बाद अब डॉक्टर...





### शासन की योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को लाभ देने पंजीयन किया

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिले में 7 ग्राम पंचायतों में लगे शिविर





हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर-मालवा



समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ देकर योजनाओं में शत-प्रतिशत सैचुरेशन लाने हेतु जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रतिदिन निर्धारित रूट की ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर रही है। यात्रा अन्तर्गत जिले में 4 आईईसी सर्वसुविधायुक्त मोबाईल वैन ग्राम पंचायतों में जाकर योजनाओं को प्रचारित कर रही है तथा विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की चिन्हित योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को लाभ देने के लिए पंजीयन किया जा रहा है।

यात्रा अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जा रहा है। मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा ने विकास खण्ड आगर की ग्राम पंचायत बिजनाखेड़ी एवं लाड़वन, विकास खण्ड बड़ौद की ग्राम पंचायत खण्डवास, विकासखंड सुसनेर की ग्राम पंचायत करकड़िया व कंठालिया का खेड़ा तथा विकासखंड नलखेड़ा की ग्राम पंचायत ताखला एवं हिरणखेड़ी पहुंची, जहां जन-जागरूकता की गतिविधियाँ संचालित की गई तथा पात्र व्यक्तियों को लाभ देने हेतु विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आवेदन प्राप्त किए। योजनाओं में पूर्व से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपने अनुभवों को साझा कर शासन की योजनाओ की प्रशंसा की। इस अवसर पर हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया।

### विकसित यात्रा में किसानों के सामने ड्रोन का प्रदर्शन

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम पंचायत बीजनाखेड़ी में कृषि विभाग द्वारा किसानों के समक्ष ड्रोन का प्रदर्शन किया गया। किसानों को बताया कि ड्रोन की सहायता से कृषि कार्य को और भी सरलता से कैसे किया जा सकता है। ड्रोन के माध्यम से फसलों पर कीटनाशकों का छिड़काव आसानी से किया जा सकता है, जो हानिकारक रसायनों से मानव संपर्क को भी सीमित करता है। कृषि ड्रोन इस कार्य को पारंपरिक तरीके की तुलना में बहुत तेजी और बेहतर तरीके से अंजाम दे सकता है। किसान यदि ड्रोन खरीदेगा तो सरकार अनुदान के साथ ही प्रशिक्षण प्रदान करेगी। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत हरसिमरप्रीत कौर, जनपद सीईओ मोहनलाल स्वर्णकर, नोडल अधिकारी जीवन राठौर, कृषि विभाग तकनीकी सहायक वेद प्रकाश सेन, पंचायत सरपंच नारायण सिंह एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं कृषक उपस्थित रहे।

## किसान सम्मान निधी की तीन बकाया किश्त दिलवाने किसान ने दिया आवेदन

### जिला मुख्यालय पर कलेक्टर ने 79 आवेदनों पर की जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर-मालवा



जिला मुख्यालय पर कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह द्वारा मंगलवार को 79 आवेदनों पर जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में 79 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में आवेदिका रामकुंवर निवासी करवाखेड़ी ने आवेदन देकर बताया कि उसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिल रहा है, अब तक 12 किश्तों का भुगतान हो चुका है, लेकिन विगत 03 किश्तों का भुगतान नही हुआ है, शेष किश्तों का भुगतान करवाया जाए। पूजाबाई ने प्रसूति सहायता योजना का लाभ दिलवाने हेतु आवेदन दिया।

आवेदिका ने बताया कि जिला अस्पताल आगर में 14 फरवरी 2023 को डिलेवरी हुई थी, प्रसूति सहायता योजना के लिए आवेदन किया गया किन्तु अब तक योजना का लाभ नहीं मिला है, लाभ दिलवाया जाए। आवेदक मेहरबान सिंह निवासी सामगी ने बंद रास्ता खुलवाने हेतु आवेदन दिया। आवेदक ने बताया कि पूर्व से परंपरागत शासकीय रास्ते को पड़ोसी किसानों द्वारा बंद कर दिया है, जिससे खेती कार्यां में फाफी परेशानी हो रही है, रास्ता खुलवाया जाए। इसी तरह जनसुनवाई में आवेदिका सुगनबाई निवासी पिपलिया जुनार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ हेतु पंजीयन करवाएं जाने, रामकन्याबाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्रदान करवाने, दिलीप निवासी अयोध्याबस्ती आगर ने आवासीय पट्टा प्रदान करवाने, कन्हैयालाल निवासी सेमली ने उसकी जमीन पर गांव के अनावेदकों द्वारा बलपूर्वक कब्जा किए गए अवैध कब्जे को हटवाने, सलामुद्दीन मंसूरी ने शासकीय उत्कृष्ट उमावि सुसनेर से विगत 8 माह के वेतन का भुगतान करवाने, रामचन्द्र पिता कालू निवासी पुरा उर्फ साहब नगर ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की बकाया किश्तों का भुगतान करवाने, स्वच्छ भारत ग्रामीण अभियान अन्तर्गत निर्मित शौचालय की निर्माण राशि प्रदान करवाने हेतु आवेदन दिया। कलेक्टर ने निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही अधिकारियों से निराकरण करवाया तथा शेष आवेदन समय-सीमा में निराकरण के लिए अधिकारियों को सौंपे गए। जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर सर्वेश यादव, डिप्टी कलेक्टर किरण बरवडे सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजस्व न्यायालयों में लंबित सभी प्रकरणों का जल्द निराकरण करें

### राजस्व अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर-मालवा



राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने सोमवार को राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। बैठक में राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व न्यायालयों में लंबित अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के प्रकरणों में व्यक्तिगत रूचि लेकर शीघ्र निराकरण करना सुनिश्चित करें, बिना कार्यवाही के प्रकरण न्यायालयों में लम्बित नहीं रहे। सभी तहसील मुख्यालयों पर मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाकर राजस्व संबंधी समस्याओं का निराकरण किया जाए।

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी राजस्व मदो में लक्ष्यानुरूप वसूली की कार्यवाही की जाए, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत जिन किसानों की ई-केवायसी एवं लैंड लिंक होना शेष है, विशेष अभियान चलाकर 15 जनवरी 2024 तक कार्यवाही पूर्ण करें, पीएम किसान सम्मान निधि में पंजीकरण से शेष किसानों के पंजीयन की कार्यवाही भी 23 दिसम्बर किसान दिवस एवं 25 दिसम्बर सुशासन दिवस के अवसर पर ग्राम सभाएं आयोजित करवाकर पूर्ण करवाई जाए। ग्राम सभाओं में पूर्व से लाभान्वित किसानों की सूची का वाचन किया जाए तथा जिन किसानों का पंजीयन होना शेष है, उनसे आवेदन प्राप्त किए जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना के अधिकार पत्र विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान वितरण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में सायबर तहसील व्यवस्था 01 जनवरी 2024 से लागू करने हेतु सभी व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। बैठक में एडीएम आरपी वर्मा, एसडीएम आगर सत्येन्द्र बैरवा, एसडीएम सुसनेर मीलिन्द ढोके सहित सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

## 16 से 26 जनवरी तक हर पंचायत में पहुंचेगी संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर मालवा



विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन प्रदेश में 16 दिसंबर से 26 जनवरी तक चलेगा। यात्रा जिले की हर पंचायत में पहुंचेगी। यात्रा में सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं अधिक से अधिक पात्र लोगों को योजनाओं में जोड़ने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस संकल्प यात्रा को सफल करने के लिए आगर विधानसभा क्षेत्र की बैठक जिला कार्यालय में मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ पं. दीनदयाल, श्यामा प्रसाद, भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया बैठक में जिला उपाध्यक्ष अनिल मंडावरा को विकसित भारत संकल्प यात्रा का संयोजक बनाया गया है। यात्रा के सफल संचालन के लिये विधानसभा टोली का भी गठन किया गया है। इसके बाद 25 दिसंबर को सुशासन दिवस, 26 दिसंबर वीर बाल दिवस, 31 दिसंबर को मन की बात को लेकर चर्चा की गई। बैठक के दौरान भाजपा जिला मंत्री रखब जैन को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष चितामण राठौर, गोविंद सिंह बरखेडी, भेरुसिंह चौहान, जिला महामंत्री ओम मालवीय, जिला मीडिया प्रभारी महेश शर्मा,कैलाश परिहार, सतीश शास्त्री, कैलाश गवली, बाबुलाल बीजापारी, मदनसिंह केसरिया, संतोष गोयल, सुरेश बैरागी,जिला पंचायत सदस्य सुरेश व्यास, डॉ मोहनलाल मकवाना, मुकेश केलकर, जितेन्द्र सिंह, वंदना शर्मा आदि मौजूद रहे।

### चाइना डोर गले में फंसा युवक घायल



**नलखेड़ा।** प्रतिबंध के बावजूद चाइना डोर का उपयोग जारी है। जिसके कारण एक युवक घायल हो गया। मंगलवार को मां बगलामुखी मंदिर रोड पर भारत पिता भेरूलाल मेवाड़ा बाइक से जा रहे थे कि अचानक उनके गले में चाइना डोर फंस गया। तत्काल उन्होंने बाइक रोक दी लेकिन तब तक उनका गला चाइना डोर से कट चुका था और खून बहने लगा था। घायल युवक का उपचार करवाया गया। गौरतलब है कि जिले में चाइना डोर पर प्रतिबंध के आदेश जारी होने के बाद भी नगर में इसका धड़ल्ले से उपयोग जारी है।

### किसान संघ की बैठक का किया आयोजन

**नलखेड़ा।** भारतीय किसान संघ ब्लॉक इकाई की बैठक मंगलवार को कृषि उपज मंडी में ब्लॉक अध्यक्ष उमेश पाटीदार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें संगठन के कार्य के साथ आगामी कार्यक्रमों के बारे में योजना बनाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष रामनारायण तेजरा ने बताया कि संघ के आगामी सदस्यता अभियान में तहसील का एक भी गांव न छूटे एवं 25 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया गया। बैठक में किसान संबंधित कई महत्वपूर्ण समस्याओं को साझा किया। बैठक में जगदीश पाटीदार, रामनारायण गुर्जर, नारायण सिंह, जमुना प्रसाद, राधेश्याम, शांतिलाल यादव, बनेसिंह, राधेश्याम वेदीया महेश पाटीदार एवं समस्त तहसील कार्यकारिणी के सदस्य और किसान उपस्थित रहे।

### शासकीय महाविद्यालय नलखेड़ा में हुआ कार्यशाला का आयोजन

**नलखेड़ा।** सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन द्वारा व्यावसायिक पाठ्यक्रम एवं फील्ड प्रोजेक्ट की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा शाजापुर के सहायक शाखा प्रबंधक शैलेंद्र सक्सेना एवं विकास अधिकारी संदीप खत्री के मुख्य आतिथ्य एवं संस्था के प्राचार्य डॉ. जी. एल. रावल की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला में सर्वप्रथम मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा शाजापुर के सहायक प्रबंधक शैलेंद्र सक्सेना द्वारा जीवन बीमा के क्षेत्र में विद्यार्थियों के लिए संभावनाएं विषय पर विस्तृत व्याख्यान हुआ। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. जी. एल. रावल द्वारा बच्चों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान की अनिवार्यता पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सर्वेश व्यास द्वारा किया गया एवं आभार डॉ. जितेंद्र चावरे द्वारा माना गया। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**26 अप्रैल को कानड़ में होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन**

## अभा चन्द्रवंशी खाती समाज की सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़



अखिल भारतीय चन्द्रवंशी खाती समाज आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति एवं स्वजातीय बंधुओं की सामूहिक बैठक 17 दिसंबर को विवाह समिति के अध्यक्ष ठा. केशवसिंह दरबार की अध्यक्षता में चन्द्रवंशी खाती समाज धर्मशाला कानड़ में आयोजित की गई। जिसमें सर्वप्रथम समाज के आराध्य देव भगवान जगन्नाथ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, पूजन-अर्चन कर बैठक का विधिवत शुभारंभ किया गया। पश्चात समाज की और से हाल ही मे बनाए गए प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं नवनिर्वाचित विधायक करणसिंह वर्मा इच्छावर, मनोज चौधरी हाटपिपल्या एवं घनश्याम चन्द्रवंशी कालापिपल को उपस्थित स्वजातीय बंधुओं द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

धर्मशाला सचिव कन्हैयालाल बीजापारी एवं विवाह समिति के अध्यक्ष ठा. केशवसिंह दरबार ने अपने विचार व्यक्त किए। समाज के युवाओं द्वारा बढ़ चढ़कर सम्मेलन की व्यवस्थाओं में सहयोग करने की बात कही गई। बैठक में कानड़ सहित बाईगाँव बगावद एवं बोरखेड़ी के स्वजातीय बंधुओं ने भाग लिया, साथ ही सम्मेलन को सफल बनाने के लिए धन की कमी न हो इस दृष्टि से समाज के दान-दाताओ ने दान देने की शुरुआत भी की जिसमें शंकरलाल सेठ 5100 रुपए, महेश कवि 5100 रुपए, संतोष बोरखेड़ी 2100 रुपए, लक्ष्मीनारायण बडाघर 1600 रुपए, धन्नालाल संगोई 1100 रुपए, अनोखी लाल बीजापारी अध्यापक 1100 रुपए की घोषणा की शुरुआत की गई। समिति परिवार ने सभी उपस्थित समाजजनों का आभार माना।

## सेना में चयन होने पर नरेंद्र का किया स्वागत



**नलखेड़ा।** ग्राम बाईगांव निवासी नरेंद्र पिता श्रीराम झलाया का भारतीय सेना में एयरमैन के पद पर चयन होने पर ग्रामवासियों द्वारा युवक का स्वागत कर ग्राम में ढोल-ढमाके के साथ जुलूस निकाला गया। युवक का ग्राम के पूर्व सरपंच मुकेश झलाया, जप सदस्य पुरुषोत्तम पटेल, बद्रीलाल, रामपाल आदि ने स्वागत कर शुभकामनाएं दीं।

### रेलवे लाइन की मांग को लेकर चलाया जा रहा पोस्टकार्ड अभियान

## आगर जिलेवासियों को है 50 साल से रेल का इंतजार

नलखेड़ा ⏭ राजेंद्र सकलेचा





फाइल फोटो

आगर जिले को रेल लाइन से जोड़ने की मांग पिछले 50 वर्षों से की जा रही है, पूर्व में आगर-उज्जैन के बीच नैरोगेज रेल चलती थी। जिसे सन 1975 में बंद कर दिया गया था तभी से उज्जैन-रामगंज मंडी नई रेल लाइन की मांग जिलेवासियों के साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा की जाती रही। उक्त उज्जैन - रामगंज मंडी रेल मार्ग जिसका सर्वे कार्य भी वर्ष 2015-16 में हो चुका है। लेकिन आज तक इस मार्ग की मंत्रालय द्वारा स्वीकृति प्रदान नहीं करने पर अब जिलेवासियों द्वारा आगर मालवा जिले में रेलवे लाइन की मांग को लेकर पोस्ट-कार्ड सत्याग्रह अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री को पत्र भेजे जा रहे हैं।

जिले में रेललाइन की मांग को लेकर लंबे अरसे से विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के साथ राजनीतिक संगठनों द्वारा भी केंद्र सरकार से आगर जिले के समग्र विकास हेतु उज्जैन से झालावाड़ वाया आगर, नलखेड़ा, सुसनेर, सोयत की बहु प्रतिक्षित रेलवे - लाइन को स्वीकृति प्रदान किए जाने की मांग की जाती रही है। क्षेत्र वासियों द्वारा अपनी मांग में बताया गया कि इस रेल लाइन से उज्जैन के महाकाल लोक से आगर के बाबा बैजनाथ तथा नलखेड़ा का मां बगलामुखी मंदिर तथा सोयत का पीपलिया बालाजी हनुमान मंदिर भी जुड़ जाएंगे। जिलेवासियों द्वारा इस संबंध में पोस्टकार्ड सत्याग्रह अभियान चलाया गया है, जिसके अंतर्गत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजे जा रहे हैं। जिसमें बताया गया कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के कारण यहा रेलवे लाइन विगत 50 वर्षों से स्वीकृत की प्रतीक्षा में है। जिलेवासियों ने प्रधानमंत्री को लिखा कि जनमत आपकी गारंटी पर मतदान करता है तो आपसे ही यह अपेक्षा रखता है कि जिले की बहु प्रतीक्षित रेलवे लाइन को शीघ्र ही स्वीकृति प्रदान करवाई जाए।

ज्ञात रहे की उज्जैन रामगंज मंडी रेल लाइन को लेकर आगर जिलेवासियों द्वारा कई वर्षों से मांग की जाती रही है। इसके लिए रेल लाओ समिति बनाकर इस मांग को मुखर भी किया गया तथा तत्कालीन केंद्रीय रेल मंत्रियों से भी भेटकर उन्हें इस मांग संबंधी ज्ञापन भी दिया था। लेकिन आज तक जिलेवासियों की यहां मांग पूरी ना हो पाई है।

### 1932 में चलती थी नैरोगेज ट्रेन

आगर-उज्जैन के बीच सन 1932 में जिले नैरोगेज लाइन के तहत रेल सुविधा मुहैया थी। इस ट्रेन को 1975 में आपातकाल के दौरान बंद कर दिया गया था। इस रेल लाइन को लेकर कुछ वर्षों बाद से ही क्षेत्र को पुनः रेल मार्ग से जोड़े जाने की मांग प्रारंभ हुई किंतु लंबे समय तक केंद्र में कांग्रेस की सरकार गई जबकि यहां क्षेत्र प्रारंभ से ही जनसंघ व भाजपा गढ़ रहा है। 2014 में भाजपा के मनोहर ऊंटवाल देवास-शाजापुर क्षेत्र के सांसद बने वहीं रोडमल नागर राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से सांसद बने। केंद्र में सरकार भी भाजपा के नेतृत्व की बनी। हर चुनाव की तरह इस चुनाव में भी रेल लाइन का वादा इन जनप्रतिनिधियों द्वारा दोहराया गया। तब से लेकर आज तक केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार चल रही है। इन वर्षों में जिले वासियों द्वारा भी आगर जिले को रेल लाइन मार्ग से जोड़ने की मांग की जाती रही है। लेकिन आज तक जिलेवासियों की यहां मांग पूरी नहीं हो रही है। आगर मालवा जिले में रेलवे लाइन की मांग को लेकर जिले के नागरिकों द्वारा पोस्ट-कार्ड सत्याग्रह अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रधानमंत्री को पत्र भेजे जा रहे हैं।

**खबर संक्षेप**

### निर्माणाधीन ट्रांसपोर्ट नगर का देविप्रा अध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**देवास।** देविप्रा अध्यक्ष ने निर्माणाधीन ट्रांसपोर्ट नगर का मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ निर्माण एजेंसी के अधिकारी मौजूद थे। देविप्रा अध्यक्ष राजेश यादव ने निर्माणाधीन ट्रांसपोर्ट नगर का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्यो की गुणवत्ता देखी। साथ ही शेष बचे कार्यों को दुरत गति से पूर्ण करने हेतु संबंधित निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया। यादव ने बताया कि हमारा प्रयास है कि ट्रांसपोर्ट नगर का कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कर लोकार्पित किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान प्राधिकण अध्यक्ष यादव किए जा रहे है निर्माणाधीन कार्यो से संतुष्ट दिखाई दिए। साथ ही यादव ने कार्यो की गुणवत्ता को लेकर निर्दश भी दिए, और गुणवत्ता को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। साथ ही कार्य समय सीमा में पूर्ण हो उसको लेकर भी निर्देश दिए गए। ट्रांसपोर्ट नगर के शीघ्र बनने से शहर की एक बड़ी समस्या से शहर के नागरिक को मुक्ति मिलेगी इस अवसर पर प्राधिकरण सीईओ अभिषेक शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

मध्यप्रदेश कांग्रेस की कमान मिलने के बाद देवास पहुंचे पटवारी

# हम सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाएंगे भाजपा को याद दिलाएंगे वादेः पटवारी





आतिशबाजी के साथ जेसीबी से हुई फूलों की वर्षा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी मंगलवार को देवास पहुंचे। पटवारी का सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा व आतिशबाजी कर भव्य स्वागत किया। उज्जैन रोड़, एबी रोड़ सयाजी गेट होते हुए पटवारीबक काफिला शहर के सबसे व्यस्तम मार्ग एमजी रोड़ पहुँचा। शहर के अमलतास अस्पताल से भोपाल चौराहे बायपास तक हुआ पटवारी का भव्य स्वागत हुआ। स्वागत के दौरान जीतू पटवारी बोले एक सत्ता व एक विपक्ष रेल की दो पटरियों की तरह हैं जो कि लोकतंत्र को जिंदा रखती है। हमारा दायित्व हम जिम्मेदारी से निभाएंगे। जीतू पटवारी बोले की एक विपक्ष का दायित्व होता है कि वह सरकार को उसकी बताई हुई योजनाओं का लाभ जनता तक दिलवाएं। भाजपा की सरकार ने वादा किया था धान 3100 रुपये प्रति क्विंटल होगा। व बहनों के खातों में 3000 आएंगे तो यह कोशिश करेंगे कि सरकार उसका दायित्व पूरा करें। उनको हर वादे याद दिलाएंगे। जो योजनाओं में भाजपा ने वचन पत्र में कहा था। हम एक सशक्त विपक्ष की भूमिका में निभाएंगे। जनता का विपक्ष पर पूरा भरोसा है। इसका दायित्व मिला है जिम्मेदारी अच्छे से निभाएंगे। कांग्रेस हाई कमान ने मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी में बड़े बदलाव करते हुए प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को बना दिया है। मंगलवार जीतू पटवारी अपनी जिम्मेदारी संभालते हुए उज्जैन से भोपाल प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुँचे। ऐसे में इंदौर-उज्जैन व देवास होते हुए व भोपाल की और अध्यक्ष पद का दायित्व संभालेंनेरवाना हुए और जिन-जिन जिलों से जीतू पटवारी गुजरे वहां पर सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत करते हुए पुष्प वर्षा कर आतिशबाजी की और उनका भव्य स्वागत करते दिखाई दिए।देवास में भी यही नजारा देखने को मिला है, जहां पर सयाजी गेट से भोपाल चौराहे तक उनकी रैली में सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए और जीतू पटवारी का स्वागत किया गया। प्रदेश कांग्रेस के नव नियुक्त अध्यक्ष जीतू पटवारी मंगलवार को उज्जैन में बाबा महाकाल के दर्शन के बाद देवास पहुंचे थे। उज्जैन के रास्ते देवास तक उनका कई जगह स्वागत किया गया। उनके समर्थकों ने पटवारी पर जेसीबी से फूल बरसाए।देवास में एक रैली भी निकाली गई, जो तहसील चौराहा, नॉवेल्टी चौराहा, सुभाष चौक, एमजी रोड, जनता बैंक चौराहा, जैन मंदिर रोड, नयापुरा, नाहर दरवाजा होते हुए भोपाल चौराहा पहुंची। रैली का जगह-जगह स्वागत हुआ। इसके बाद उनका क़ाफ़िला भोपाल के लिए रवाना हुआ। मंगलवार को जैसे ही जीतू पटवारी का क़ाफ़िला देवास पहुंचा, बड़ी संख्या में यहां मौजूद कांग्रेसियों ने उनका स्वागत किया। मंच पर धक्का मुक्की के चलते पटवारी बिना हार पहनें नीचे आ गए और अपनी गाड़ी में सवार होकर आगे बढ़ गए।

# जिला अस्पताल में साफ सफाई व अन्य व्यवस्था को दुरूस्त करेंः कलेक्टर

निरीक्षण कर कार्य पूर्ण करने दिए निर्देश



**देवास।** जिला अस्पताल का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर गुप्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जिला अस्पताल में निर्माणाधीन 100 बेड मेटरनिटी भवन और 50 बेड क्रिटिकल केयर यूनिट का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर गुप्ता ने निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन 100 बेड के मेटरनिटी भवन में बनाये जा रहे विभिन्न वार्ड और सेक्शन के संबंध में संबंधित अधिकारियों से विस्तार से जानकारी ली और कार्य की गति धीमी होने और समय-सीमा में कार्य पूर्ण नही करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए 24 घण्टे कार्य जारी रखते हुए कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये।

### कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी को दिए निर्देश

इस दौरान इंजीनियर द्वारा 15 फरवरी तक समस्त निमार्ण कार्य पूर्ण करने और लिफ्ट लगाये जाने की बात कही गई। जिला अस्पताल परिसर में ट्रामा सेन्टर के समीप नवीन निर्माणाधीन 50 बेड क्रिटिकल केयर युनिट के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर गुप्ता ने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में भवन और पार्किंग व्यवस्था सहित समस्त कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ एम.पी. शर्मा ने क्रिटिकल केयर युनिट में मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी दी। इस दौरान बताया गया कि 50 बेड क्रिटिकल केयर युनिट में 20 सामान्य बेड, 22 बेड आईसीयू और 8 बर्न बेड सहित ब्लड बैंक की सुविधा होगी। जिला चिकित्सालय में आने वाले मरीजों के अटेंडर को आने-जाने के लिए पास दें। जिला अस्पताल परिसर के सभी पुराने भवन और नवीन निर्माणाधीन भवनों के पानी की निकासी के संबंध में नगर निगम, पीडब्लूडी विभाग के इंजीनियर को निर्देश दिये कि सम्पूर्ण परिसर की प्लानिंग कर कार्यवाही करें।

### मार्ग पर रोशनी करने लगाए स्ट्रीट लाइट

अस्पताल परिसर में साफ-सफाई कर अनुपयोगी जगह को व्यवस्थित करते हुए निगम के अधिकारी सें समन्वय कर अच्छे गार्डनो का निर्माण कराया जाये। नर्सिंग कालेज की तरफ रास्ते में स्ट्रीट लाईट लगवायी जाये। परिसर में सभी पुरानी नालियो को ठीक करवाये और लाईट के वायरो को सुव्यवस्थित करें। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा, सीएमएचओ डॉ विष्णुलता उईके, सिविल सर्जन डॉ एम.पी. शर्मा, आर.एम.ओ. डॉ अजय पटेल, अस्पताल मैनेजर प्रमोद गुणवान, शीला शुक्ला, पीडब्लूडी, नगर निगम, हाउसिंग बोर्ड के इंजीनियर, अस्पताल प्रबंधक सहित अन्य चिकित्सक एवं स्टॉफ उपस्थित था।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा व आभार रैली का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ हाटपीपल्या

विकसित भारत संकल्प यात्रा और आभार रैली का हुआ स्वागतहाटपीपल्या। विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं आभार रैली का आयोजन रविवार को किया गया। नवनिर्वाचित विधायक मनोज चौधरी के नेतृत्व में ग्राम राजोदा से विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं आभार रैली प्रारंभ हुई, जो सिरोल्या, बरोठा, नेवरी अरलावदा होकर हाटपीपल्या पहुंची।

जहां विधायक चौधरी एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने राजनीति के संत पूर्व सीएम स्व. कैलाश जोशी के स्मारक स्थल पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। गीता भवन से ढोल-ढमाके के साथ निकली रैली में विधायक चौधरी का भव्य स्वागत किया गया। नेवरी-बागली मार्ग पर दर्जनों मंच से पुष्पवर्षा की गई। करीब आधा दर्जन स्थानों पर जेसीबी से फूल बरसाए गए। स्कूल चौराहा, नेवरी बागली मार्ग, बजरंग चौराहा, नेताजी सुभाष मार्ग, महावीर मार्ग, महाकाल मार्ग व बस स्टैण्ड होते हुए नगर परिषद कार्यालय पहुंची। रैली के मार्ग पर आतिशबाजी भी की गई। भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही विभिन्न समाजों के साथ ही आभार रैली का सेकंडों मंचों से स्वागत किया गया। नगर में नगर परिषद अध्यक्ष चंद्रकांता अरुण राठौर, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवकरण पाटीदार, कपिल तंवर, विजय सिंह शक्तावत, दुलीचंद कुंभकार, कृपाल सिंह सेंधव, प्रविण सक्सेना, गौरव निमावत, नगर परिषद उपाध्यक्ष निर्भय सिंह तलैया, पार्षद महेंद्र यादव, पार्षद प्रतिनिधि संदीप मालवीय, पार्षद दीपक धोसरिया, पार्षद मदन बुंदेला, पार्षद प्रतिनिधि भुजराम जाट, पार्षद प्रतिनिधि राजकिशोर जायसवाल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष गौरव मेश्रा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शुभम् तंवर, नगर अध्यक्ष शुभम् राजपूत, रायसिंह सेमली, मनोहर सिंह सेमली, यशवंत चौहान, रमेश संदुकलिया, हेमंत धोसरिया,सकिल मनसुरी, कपिल शर्मा, विशाल नागर, रोहित बडगुजर,हरिश बंजारा द्वारा भी मंचों के माध्यम से स्वागत किया गया तथा नागरिकों ने भी पुष्पमालाओं से स्वागत किया। रैली में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व नागरिक शामिल हुए। इस दौरान विधायक चौधरी ने मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

# प्रभारी के भरोसे महाविद्यालय हो रहा संचालित


हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में उचित शिक्षा देने का दावा हर बार मंचों से करती है। करोड़ों रुपए शिक्षा के नाम पर खर्च भी हो रहे हैं, लेकिन आज भी आदिवासी बहुमूल्य क्षेत्र में संचालित शासकीय संस्थानों पर छात्र-छात्राओं को शिक्षा के लिए कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।बागली नगर का एकमात्र शासकीय महाविद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जहां पर सुचारू रूप से पढ़ाई नहीं हो पा रही है।सोमवार के दिन शासकीय स्व. कैलाश जोशी महाविद्यालय बागली के छात्र-छात्राओं को अपने हक की लड़ाई के लिए धरना प्रदर्शन करना पड़ा।महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर ताला लगाकर सभी छात्र-छात्राओं ने धरना प्रदर्शन किया और शिक्षक शिक्षिकाओं को भी अंदर प्रवेश नहीं करने दिया, बता दे की वर्तमान में उक्त महाविद्यालय बदहाल स्थिति के दौर से गुजर रहा है।महाविद्यालय में 6 माह से अकाउंट शिक्षक नहीं है। साफ सफाई कर्मी नहीं है। साफ सफाई स्टूडेंट को ही करना पड़ती है। कॉलेज में असामाजिक तत्वों को आना-जाना लगा रहता है जिसको लेकर छात्र प्रभारी प्राचार्य से बात करते हैं तो प्राचार्य द्वारा एक दूसरे पर पल्ला झाड़ दिया जाता है। धरने के दौरानविद्यार्थी परिषद नगर मंत्री रवि गुर्जर, महाविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक जायसवाल महाविद्यालय मंत्री विजय राठौड़ सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# एमबीबीएस छात्र का रिसर्च प्रकाशित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



अमलतास मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस छात्र प्रिंस जैन पिता अनिल जैन का आईसीएमआर द्वारा चयनित रिसर्चवर्क दुनिया की शीर्ष साइंस जर्नल में प्रकाशित हुआ है। आईसीएमआर द्वारा प्रिंस जैन के रिसर्च वर्क को पूरे भारत के टॉप 30 रिसर्च में स्थान प्राप्त हुआ था। प्रिंस जैन अमलतास मेडिकल कॉलेज ,देवास में फाइनल ईयर के छात्र है व इंदौर के निवासी है।

प्रिंस जैन ने अमलतास में सरकार द्वारा बनाई गई वेक्सिन कितनी कारगर है ,वैक्सीन का दूसरा डोज लगने के बाद कितने समय तक एंटीबॉडीज़ शरीर में रहेगी और कितने समय के बाद जनता को बूस्टर डोज की ज़रूरत पड़ेगी जैसे विषय पर रिसर्च कर कोरोनाकाल में संपूर्ण मेडिकल जगत में अपनी संस्था, मातापिता व गुरुजनों को गौरवान्वित किया। हाल ही में ,उन्हें मध्यप्रदेश के इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के "स्टेट जनरल सेक्रेटरी" पद पर नियुक्त किया गया है। वह इतने बड़े पद को पाने पर बाबा महाकाल का आभार मानते है। मेडीविज़न (एबीवीपी) के वह मालवा प्रांत के सहप्रमुख पद पर निर्वाचित है।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में 2019 से कार्यरत है। आज उनके रिसर्च वर्क की सराहना वर्ल्ड की शीर्ष साइंस मैगज़ीन "द साइंटिस्ट" ने की है।वो अपने इस रिसर्च की सफलता का श्रेय रिसर्च की मार्गदर्शक डॉ नीतू शर्मा को देना चाहते है। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर सुरेश सिंह भदौरिया, चेयरमैन मयंक सिंह भदौरिया,अमलतास यूनिवर्सिटी के डीन डॉ शरद चंद्र वानखेड़े, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अभिलाष कुमार पीठवा, एसोसिअट प्रोफेसर डॉ नीतू शर्मा व संस्थान के छात्रो द्वारा उनका सम्मान किया गया व शुभकामनाएँ दी गई।

# पदोन्नति पर प्राचार्य जेपी कुजूर का शिक्षकों ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा




**चापड़ा।** प्रचार्य का स्वागत करते हुए स्कूल का स्टाफ।

समीप स्थित एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय मातमोर में पदस्थ प्राचार्य जेपी कुजूर के प्रमोशन के साथ ही मातमोर से अन्य संस्था में स्थानांतरण होने पर मंगलवार के दिन विद्यालय की ओर से प्राचार्य प्रभारी प्रियंका तिवारी के नेतृत्व में सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जहां पर विद्यालय सहित गांव के वरिष्ठ जनों ने प्राचार्य जेपी कुजूर को साफा बांधकर एवं अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया।इस दौरान अन्य शिक्षकों एवं बच्चों द्वारा भी जेपी कुजूर का पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया गया। प्रमोशन के साथ ही कूजूर का टोकखुर्द क्षेत्र में स्थानांतरण हुआ है। इस दौरान शिक्षक कुजूर ने कहा कि मातमोर में सभी ग्रामीणों के सहयोग से इस विद्यालय को बेहतर बनाने का पूरा प्रयास किया है।

आयोजित हुएर कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच हीरा जाट ,भूजराम जाट,दिनेश बड़ोदिया, जन शिक्षक मुबारिक शेख, गिरधारी लाल मालवीय ,अश्विन घोरपड़े ,जगदीशचंद मालवीय, दीपसिंह ठाकुर,शशि शर्मा, रीना जाट, राजेन्द्र बैरागी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य प्रियंका तिवारी ने किया। अंत में आभार दीपसिंह ठाकुर ने व्यक्त किया।

विधायक गायत्री राजे पवार ने बस को किया रवाना, आतिशबाजी कर किया स्वागत

# भगवान परशुराम की जन्मस्थली जानापाव पहुंचे ब्राह्मण समाजजन






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सर्व ब्राह्मण महासभा संघ देवास द्वारा भगवान परशुराम जी की जन्म स्थली जानापाव यात्रा बस द्वारा संपन्न कराई गई। संघ के जिलाध्यक्ष पंडित प्रशांत शर्मा एवं कार्यकारिणी के नेतृत्व में रवाना हुई बस यात्रा में ब्रह्म बंधु एवं मातृशक्तियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लेकर भगवान परशुराम की जन्मस्थली जानापाव पहुंचकर दर्शन लाभ लिया।

विधायक गायत्रीराजे पवार ने भगवा ध्वज दिखाकर बस का जानापाव के लिए रवाना लिया। महासभा पदाधिकारियों सभी यात्रियों के साथ विधायक राजे का विधानसभा चुनाव में पुनः विजयी होने पर आतिशबाजी, ढोल ढमाके व गुलदस्ता भेंट कर स्वागत स्वागत किया। महापौर गींता दुर्गेश अग्रवाल का भी अभिनंदन किया। जानापाव यात्रा में पं. अखिलेश शोत्रिय, पं. राजेश व्यास, पं. देवकीनंदन समाधिया, पं. रमेश जोशी, पं. अशोक जोशी, पं. विजय व्यास, पं. शिवनारायण कटारे, पं. मनोज व्यास, पं. अजय व्यास, पं. रामकुमार शर्मा, पं. रोहित शर्मा, पं. लोकेश जोशी, पं. कोशल पोराणिक, पं. प्रदीप भार्गव, पं. महेश जोशी, पं. श्रवण त्रिवेदी, पं. सतीश पोरणिक, पं. अर्जुन सिंह रावत, पं. शेलेश नागर, पं. मनोज शर्मा, पं. रितिक जोशी, पं. मुरलीधर पांडे, पं. शशिकांत मिश्रा, मातृ शक्तियां में पुष्पा शर्मा, जयंती पौराणिक, डॉ. अंजू शर्मा, उषा पौराणिक, नमृता अशोक जोशी, ममता मोदी, रितु व्यास, रेखा जोशी, ममता व्यास, सोनम शर्मा, पूजा व्यास, शोभा त्रिवेदी, खुशबु त्रिवेदी, दुर्गा व्यास, श्रद्धा शर्मा, रूपाली शर्मा आदि ने हिस्सा लिया। समस्त यात्रियों के लिए सल्पाहार एवं भोजन की व्यवस्था संघ द्वारा की गई थी। यात्रा समापन पर आभार संघ सचिव पं. देवकीनंदन समाधिया ने माना।

# तेज ठंड से बचने छात्र छात्राओं को निःशुल्क वितरित की गई स्वेटर



**चापड़ा।** सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बांटी बच्चों को स्वेटर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

समीप शासकीय प्राथमिक विद्यालय बामन खेड़ी में सामाजिक कार्यकर्ता राजेश जोशी द्वारा अध्यनरत बच्चों को निःशुल्क स्वेटर वितरित की गई। वितरण के दौरान संस्था प्रधान मोहन सिंह राजपूत एवं शिक्षिका सुनीता खराडिया, संकुल से दिनेश बड़ोदिया ,मुबारक शेख, सज्जन सिंह दरबार, अंकित व मोहित जोशी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## बोर्ड की परीक्षा फरवरी और प्रायोगिक मार्च में

**आष्टा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड कक्षा 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं इस बार एक महीने पहले अर्थात फरवरी में हो रही है। ऐसे में विद्यार्थियों को इस साल तैयारी करने के लिए समय कम मिला है। इस साल विधानसभा चुनाव के चलते शिक्षकों की ड्यूटी चुनावी कार्य में लगने से कई स्कूलों में कोर्स समय पर पूरा नहीं हुआ है। इसके चलते अब स्कूलों में अतिरिक्त कक्षाएं लगाकर विद्यार्थियों की पढ़ाई कराई जा रही है। ताकि समय पर कोर्स पूरा कर विद्यार्थियों से रिविजन कराया जा सके। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बोर्ड परीक्षा की समय सारिणी व निर्देश जारी कर दिए है। कक्षा 10वीं की परीक्षा 5 से 28 फरवरी तक कराई जाएगी। वहीं कक्षा 12वीं की परीक्षा 6 फरवरी से 5 मार्च तक होगी। इसको लेकर तैयारी की जा रही है। विकास खंड शिक्षा कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार हर साल की तरह परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से 12 बजे तक रहेगा। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दोनों कक्षाओं के विषय का टाइम टेबल जारी कर दिया है। इसे सभी स्कूलों में चस्पा किया है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजबसिंह राजपूत के अनुसार वहीं विद्यार्थी बोर्ड की वेबसाइट www.mpbsc.nic.in पर देख सकते है।विधानसभा चुनाव में शिक्षकों की ड्यूटी लगाने से स्कूलों में कोर्स पूरा नहीं हुआ है। इसे समय पर पूरा करने के लिए शिक्षक अब अतिरिक्त कक्षाएं लगाकर पढ़ाई करा रहे है।

### 2018 के बाद सिविल अस्पताल में आपरेशन थियेटर फिर होगा शुरू

# डॉक्टर दलोद्रिया के बाद अब डॉक्टर भूपेंद्र परमार ओटी कराएंगे शुरू, मिलेगी राहत

### आपरेशन थियेटर में सर्जरी चिकित्सक डॉ भूपेंद्र परमार व्यवस्था का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सिविल अस्पताल आष्टा में डायलिसिस यूनिट, 10 बेड का आईसीयू, 14 बेड का पीआईसीयू , सोनोग्राफी मशीन के साथ-साथ जनरल सर्जरी के लिए ऑपरेशन थिएटर क्रियाशील है। शासन ने इस सिविल अस्पताल में चिकित्सा विशेषज्ञों के 13 स्वीकृत पदों में से मात्र पांच पर नियुक्ति की है। इसी प्रकार नर्सिंग ऑफिसर के 36 स्वीकृत पदों में से 24 पद भरे हुए हैं ,12 पद रिक्त पड़े हैं ।सुरक्षा गार्ड्स के भी कमी है ।फार्मासिस्ट के चार स्वीकृत पद में से मात्र एक की नियुक्ति है। इसी प्रकार एक्स-रे टेक्निशियन का भी एक पद रिक्त हैं। जो युवा विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम इस सिविल अस्पताल में पदस्थ हुई है वह अपनी सेवाएं शासन की मंशा के अनुरूप से बढ़कर देना चाहते हैं ।

लेकिन स्टाफ की कमी एवं जिम्मेदारों द्वारा सहयोग नहीं करने से अपने आपको यह विशेषज्ञ चिकित्सकगण असहाय महसूस कर रहे हैं। सीमित व्यवस्थाओं के चलते सर्जिकल चिकित्सा डॉ भूपेंद्र परमार सिविल अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर प्रारंभ करने के साथ-साथ गंभीर चिकित्सा यूनिट को भी व्यवस्थित रूप से चालू करना चाहते हैं जिसके लिए उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों को व्यवस्थित करना प्रारंभ कर दिया है और उनके इस कार्य में बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर चित्रा सोनी एवं डॉ गंभीर पटेल भी सहयोग कर रहे हैं। बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एके जैन एवं सिविल अस्पताल के प्रमोद कुमार भी सहयोग कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिविल अस्पताल की भव्य बिल्डिंग कई सालों पहले बन चुकी है तथा यहां पर अधिकांश उपकरण ऑपरेशन आदि के उपयोग में आने वाले उपलब्ध हैं जिन चीजों की कमी है उसकी सूची जिला मुख्यालय पर विधिवत भिजवा दी गई है।

जिला मुख्यालय से सामग्री उपलब्ध कराते ही संभवत सोमवार से इस सिविल अस्पताल में ऑपरेशन का कार्य प्रारंभ हो जाएगा सिविल अस्पताल के अंदर शासन ने 10 प्लांगो का सर्व सुविधा युक्त आईसीयू वार्ड बनवा रखा है ,जिसका उपयोग अब डॉक्टर भूपेंद्र परमार अपनी टीम के साथ जनता को उपलब्ध कराएंगे। विदित रहे की वर्ष 2018 तक डॉक्टर हीरा दलोद्रिया ने इस सिविल अस्पताल में वह सुविधा उपलब्ध कराई थी, जो जिला मुख्यालय पर नहीं थी ।डॉक्टर दलोद्रिया से मार्गदर्शन लेकर अब युवा डॉक्टर भूपेंद्र परमार वही सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रयत्नशील है। आवश्यकता है स्वास्थ्य विभाग एवं जनप्रतिनिधि गण उक्त कार्य में सहयोग कर कर मरीज को बाहर रेफर होने से रुकवा सके एवं अच्छी सुविधा इस सिविल अस्पताल में दिलवा सके। अस्पताल सूत्रों के अनुसार चिकित्सा विशेषज्ञों के 13 स्वीकृत पदों में से पांच भरे गए हैं शेष आठ खाली हैं। इसी प्रकार नर्सिंग ऑफिसर के 36 स्वीकृत पदो में से 24 पद भरे हैं,12 खाली है। फार्मासिस्ट के 4 स्वीकृत पद में से 1 पद भरा है, शेष 3 पद रिक्त हैं।

सिविल अस्पताल में एक्स रे टेक्नीशियन के 3 में से 2 भरे हुए हैं और 1 पद रिक्त हैं। नगर एवं क्षेत्र के नागरिकों को नवनिर्वाचित विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर से अपेक्षा है कि वह सिविल अस्पताल में युवा विशेषज्ञ चिकित्सकों की भावनाओं के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध कराकर मरीजों को शोषित होने से रोके तथा यहीं पर अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएं।

# सालों से कई अपराधों में फरार आरोपियों को किया गिरफ्तार

### आरोपियों को न्यायालय में किया पेश




**श्यामपुर।** पुलिस की गिरफ्त में फरार आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर/आष्टा

पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग के निर्देशन व अनुविभागीय अधिकारी पूजा शर्मा के मार्गदर्शन में थाना श्यामपुर पुलिस द्वारा वर्षों से विभिन्न धाराओं के अपराधों में फरार 03 स्थाई व 02 गिरफ्तारी वारंटीयो को गिरफ्तार किया गया। 17-18 दिसंबर की रात्रि में टीम बनाकर गस्त की गई।

पुलिस गस्त के दौरान थाना श्यामपुर क्षेत्र के ग्राम मुख्तार नगर के आरटी नंबर 1071,21 धारा 457 380 भादवि मैं फरार स्थाई वारंटी गब्बर शाह पिता हबीब शाह आयु 32 वर्ष निवासी मुख्तार नगर व आरटी नंबर 1071,21 धारा 457,380 भादवि में फरार स्थाई वारंटी पवन पिता घनश्याम आयु 22 साल निवासी मुख्तार नगर ग्राम बैरागढ़ खुमान के आर टी नंबर 584 19 धारा 25 आर्म्स एक्ट मैं फरार स्थाई वारंटी अर्जुन पिता राधेश्याम मीणा आयु 30 वर्ष निवासी बैरागढ़ खुमान को गिरफ्तार किया गया। ग्राम बैरागढ़ खुमान के आरटी नंबर 628 19 धारा 25 आर्म्स एक्ट फरार गिरफ्तारी वारंटी माखन पिता नन्नू लाल मेवाड़ा आयु 40 वर्ष निवासी बैरागढ़ खुमान व ग्राम कादमपुर के आरटी नंबर 1429 22धारा25 आर्म्स एक्ट फरार गिरफ्तारी वारंटी अंसार पिता शरीफ आयु 35 साल निवासी कदमपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस द्वारा की गई संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी श्यामपुर निरीक्षक रामनारायण मालवीय, सहायक उप निरीक्षक बीरमलाल वर्मा, आरक्षक पवन राजपूत, आरक्षक अमित नागर, आरक्षक महेश मीणा, आरक्षक भगवान सिंह व सैनिक राहुल वर्मा की सराहनीय भूमिका रही है।

### आष्टा पुलिस को भी मिली सफलता

**आष्टा।** थाना प्रभारी पार्वती कृष्ण गोपाल शुक्ला को न्यायालय से प्राप्त स्थाई वारन्टी तामीली हेतु आदेशित किया गया था। इसी क्रम में थाना पार्वती से पुलिस टीम का गठन किया गया। 17 दिसंबर की रात्री में सूचना मिली की थाना पार्वती का स्थाई वारंटी दयालु पिता अफिनिया जाति पारदी उम्र 28 साल निवासी चामसी थाना जावर जिला सीहोर अरंडिया जिला शाजापुर में झगडा कर अपने घर ग्राम चामसी जा रहा है। सूचना की तस्दीक व वारंटी को पकड़ने वारंटी के घर चामसी पहुचे जो अपने चाचा नसरत, नसियत के साथ घर पर मिला। जिसको गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पार्वती उनि कृष्ण गोपाल शुक्ला, उनि हरिनारायण वर्मा प्रआर अशोक, प्रआर आर. राजकुमार, आर. रामबाबु, आर. राहुल, आर. ज्ञानसिंह आर. अर्जुन, आर. 592 हेमराज वर्मा सै. जगदीश सै. मनोहर सिंह थाना पार्वती पुलिस का सराहनीय योगदान रहा।

# ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर लगा प्रतिबंध अब शोर पर प्रशासन ने की सख्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शपथ लेने के तत्काल बाद प्रदेश भर में धार्मिक स्थलों से लेकर सभी जगह ध्वनि नियंत्रण एक्ट पर शक्ति से पालन करने के निर्देश दिए थे। इसका पालन करने के लिए रविवार को पुलिस - प्रशासन के अफसरों ने जनपद पंचायत के सभा कक्ष में शांति समिति की बैठक ली। इसमें नए नियमों की जानकारी दी और पालन करने के निर्देश भी दिए गए। क्योंकि अभी सारे ध्वनि विस्तारक यंत्र लाउडस्पीकर बिना अनुमति के हैं। इसलिए सीधे इन्हें हटाने के निर्देश दिए गए हैं, किसी को उपयोग करना है तो एसडीएम से अनुमति लेना होगी। एसडीएम आनंद सिंह राजावत ,एसडीओपी आकाश अमलकर ,नगर निरीक्षक पुष्पेंद्रसिंह राठौड़, ने जहां बैठक में मौजूद लोगों को बताया कि धार्मिक स्थानों पर तेज आवाज में लाउडस्पीकर नहीं बजाए।चार दीवारी से बाहर आवाज नहीं आना चाहिए।खासकर धार्मिक स्थलों पर 55-60 डेसिमल तक की आवाज रखी जा सकेगी, इससे अधिक आवाज नहीं रखी जा सकती। एसडीएम आनंद सिंह राजावत ने बैठक में बताया कि शादी- विवाह आदि में डीजे व अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग चार दीवारी में हो तथा आवाज बाहर नहीं आना चाहिए।रात 10 बजे बाद उपयोग नहीं होगा। डीजे व साउंड वालों की बैठक अलग से करेंगे और उनसे बांड्स भराएंगे। मैरिज गार्डन ,धर्मशाला आदि के बाहर शासन के नियमों का पालन करते हुए बोर्ड लगवाया जाएगा तथा नियम का पालन न करने पर संबंधित व्यक्ति और गार्डन वाले के खिलाफ भी कारवाई की जाएगी।एसडीओपी आकाश अमलकर ने कहा ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग बिना अनुमति करने पर कार्यवाही करेंगे। निर्धारित गति में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग हो, मैरिज गार्डन एवं धर्मशाला में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग निर्धारित आवाज में और रात्रि 10 बजे बाद उपयोग नहीं हो सकेगा। पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह मालवीय ने बैठक में लिए गए निर्णय पर अक्षरशः पालन करने की बात कही। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा भारत में अनेक जातियों के लोग एकसाथ रहते हैं। सभी की पूजा-अर्चना करने की विधि अलग-अलग हैं।शोर न हो,शासन ने जनमानस के स्वास्थ्य को लेकर यह निर्णय किया है। डीजे घातक है। बैठक में शांति समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधिगण , पत्रकार आदि उपस्थित थे।

## नव निर्वाचित विधायक इंजीनियर से मुलाकात कर की चर्चा



**आष्टा।** हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में आष्टा विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर को छत्रपति शिवाजी महाराज का छाया चित्र भेंट कर ,जियी होने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता तोषनारायण भूतिया, समाजसेवी जितेंद्र परमार, पत्रकार केवल राम मालवीय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# धार्मिक स्थलों पर लगे साउंड सिस्टम हटाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मुख्यमंत्री मोहन यादव के आदेश के बाद पुलिस और प्रशासन एक्शन मूड में आ गए। नगर सहित क्षेत्र भर के धार्मिक स्थलों में लगे माइक व साउंड सिस्टम निकलवा रहे हैं। रविवार को शांति समिति की बैठक के दौरान एवं उसके पश्चात मुस्लिम समाज के लोगों ने एसडीएम आनंद सिंह राजावत एसडीओपी आकाश अमलकर एवं नगर निरीक्षक पुष्पेंद्रसिंह राठौर से इंदौर- भोपाल में एक-एक चिलम लगाने की अनुमति वहां के प्रशासन द्वारा देने की बात कही। उसी प्रकार यहां पर भी सुविधा दी जाए ।जिस पर प्रशासन ने कहा कि जो आदेश शासन के जारी हुए हैं वह पूरे प्रदेश के सभी क्षेत्र के लिए एकसमान हुए हैं ।इसलिए कोई भी अनुमति चिलम लगाने एवं ध्वनी विस्तारक यंत्रों का उपयोग बाहर तक आवाज जाने के लिए नहीं दी जाएगी। कुछ धार्मिक स्थल पर मिले समिति के सदस्यों को समझाइश देकर सिस्टम हटवा दिए। धार्मिक स्थलों पर लगाए गए सिस्टम को लेकर कलेक्टर प्रवीण सिंह एवं जिला पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के निर्देश पर हर थाना स्तर पर कार्रवाई हुई। अपने - अपने क्षेत्र में लगाए गए ऐसे माइक आदि तलाशते हुए पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। मुख्यमंत्री मोहन यादव के आदेश का हवाला देते हुए की जाने वाली प्रस्तावित कार्रवाई से अवगत कराया। इस पर धार्मिक स्थल पर मौजूद स्थानीय समिति सदस्यों ने खुद ही स्वेच्छा से माइक और साउंड सिस्टम निकाल लिए।

# खरमास के शुरू होते ही शहनाइयां बजना बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर सहित क्षेत्र में शनिवार 16 दिसंबर से खरमास के प्रारंभ होते ही शहनाईयां बजना बंद हो गई है।सनातन धर्म में भगवान सूर्य देव द्वारा किए गए राशि परिवर्तन को बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। बता दें कि जब सूर्य मीन या धनु राशि में गोचर करते हैं तो इस राशि परिवर्तन के कारण खरमास शुरू हो जाता है। हिन्दू धर्म में खरमास को विशेष समय के रूप में देखा जाता है। एक माह के लिए गृह प्रवेश, मुंडन ,सगाई और विवाह जैसे शुभ कार्य वर्जित हो गए हैं। सिर्फ धार्मिक कथाएं व अनुष्ठान ही होंगे।

शनिवार को सूर्यदेव के धनु राशि में प्रवेश के साथ ही सभी तरह के मांगलिक कार्यों पर एक माह के लिए विराम लग गया है। साथ ही मुंडन, सगाई और गृह प्रवेश जैसे कार्य नहीं किए जा सकेंगे। इस अवधि को मलमास भी कहा जाता है। नगर पुरोहित पंडित मनीष पाठक एवं ज्योतिषाचार्य पंडित डॉ दीपेश पाठक के अनुसार धनु राशि में प्रवेश करने के कारण सूर्य मलिन अर्थात कमजोर हो जाता है। ऐसी स्थिति में वर को सूर्य का बल नहीं मिलता। दरअसल जब वर को सूर्य और वधु को गुरु का बल तथा दोनों को चंद्रमा का बल मिलता है तभी शादी-विवाह के योग बनते हैं।

चूंकि विवाह के लिए सूर्य महत्वपूर्ण कारक ग्रह है । इसलिए मलमास में विवाह पर रोक रहेगी। मलमास अगले वर्ष 14 जनवरी को सूर्य के मकर राशि में प्रवेश कर उत्तरायण होने के साथ समाप्त होगा। पंडित मनीष पाठक ने बताया कि पंचांग के अनुसार सूर्य देव 16 दिसंबर रात (यानी अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार 17 दिसंबर) 1:24 बजे धनु राशि में प्रवेश करते ही खरमास का महीना शुरू हो गया है।

# एविएशन विषय पर सेमिनार आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




एविएशन के क्षेत्र में बहुत से मौके और अवसर हैं। विधार्थी इस क्षेत्र में अपना कैरियर चुन सकते हैं। शहीद भगतसिंह शासकीय महाविद्यालय आष्टा में एविएशन के क्षेत्र में छात्र छात्राओं को कैरियर चयन और मार्गदर्शन देने सेमिनार का आयोजन स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। आईआईएचएम एविएशन अकादमी भोपाल की स्पीकर ने विधार्थियो को एविएशन में रोजगार की संभावनाओं, व्यक्तित्व विकास, संप्रेषण कौशल और ग्राउंड जॉब, तकनीकी जॉब व अन्य अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने इस क्षेत्र में चयन में आने वाली मुश्किलों पर भी बात की। उन्होंने सभी एयरलाइंस के बारे में विस्तार से बताया। इस क्षेत्र में कम उम्र से ही आय की शुरुआत के बारे में बताया। छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रश्न किए और अपनी शंकाएं रखीं। सेमिनार में शुभम राजपूत व अदनान हासमी ने अपने इंस्टिट्यूट में संचालित विभिन्न कोर्स के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि छात्राएं बी.ए. इन ट्रैवल एंड टूरिज्म, बी.कॉम. इन लॉजिस्टिक एंड कार्गो, बी.बी.ए. एविएशन के साथ-साथ एयरपोर्ट ग्राउंड मैनेजमेंट, डिप्लोमा इन ट्रैवल टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी के साथ-साथ एडवांस डिप्लोमा इन एयरलाइंस, केबिन क्रू की पढ़ाई व प्रशिक्षण भी ले सकती हैं। यहां ऐड ऑन कोर्सेज इन एविएशन भी चलाया जाता है। शासकीय कॉलेज की प्राचार्य डॉ पुष्पलता मिश्रा ने सेमिनार में कहा कि विधार्थियो को एवियेशन इंडस्ट्री की जानकारी देने से उनका कमर्शियल इंडस्ट्री वैल्यू भी बढ़ता है जो कि आने वाले समय में छात्राओं को कैरियर बनाने में सहायता देगा। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ के टीपीओ डा दीपेश पाठक ने कहा की भारत के विमानन क्षेत्र में रोजगार और विस्तार की अपार संभावनाएं हैं। युउन्होंने कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा और सबसे तेजी से बढ़ता विमानन बाजार है। कार्यक्रम में डा रचना श्रीवास्तव, विनोद पाटीदार, वैभव सुराणा, जगदीश नागले, जितेंद्र विश्वकर्मा, कुलदीप जाटव सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षक व विधार्थी उपस्थित थे।संचालन डा दीपेश पाठक ने व आभार प्रकोष्ठ सदस्य वैभव सुराणा ने व्यक्त किया।

### नया दशहरा मैदान पर आयोजित हो रही सात दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा

# राम कथा में भगवान शंकर और माता सती का सुनाया प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



किसी ने पूछा की मंदिर जाने में और सत्संग में क्या फर्क है। जवाब मिला की मंदिर जाने से ,इच्छाओं, की पूर्ति होती है ।पर सत्संग में जाने से इच्छाओं का नाश, होता है। इसलिए नित्य सत्संग अवश्य करें। तात स्वर्ग अपवर्ग सुख धरही तुला एक अंग। तुल ना ताही ही शकल मिली जो सुख लव सत्संग। क्षण भर का सत्संग स्वर्ग और बैकुंठ के सुख से भी ज्यादा श्रेष्ठ है। उक्त प्रेरणादाई प्रवचन श्री श्याम श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नया दशहरा मैदान पर आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा के तृतीय दिवस भागवत भास्कर संत श्री मिट्ठू पुरा सरकार द्वारा सुना गए।

कथा के मुख्य यजमान हेमंत राठौड़ और कथा समिति के अध्यक्ष संजीव पांचम द्वारा मालवी पगड़ी पहनाकर संत श्री का स्वागत किया। आज पूज्य गुरुदेव द्वारा श्री राम कथा में भगवान शंकर और सती जी का प्रसंग बड़े ही मार्मिक शब्दों में श्रवण करवाया। जिसे सुनकर सारे श्रोता भाव विभोर हो गए। कथा में सुनाया की ब्रह्मा के पुत्र दक्ष प्रजापति की सबसे छोटी बेटी जिनका नाम सती था। उनका विवाह भगवान शंकर के साथ हुआ । एक दिन भगवान शंकर सती जी को लेकर कुंबज ऋषि के आश्रम में श्री राम कथा श्रवण हेतु गए। भगवान शंकर ने तो श्री राम कथा बड़े प्रेम से श्रवण की। पर सती जी ने मन में अभिमान के कारण भगवान की कथा नहीं सुनी। और उनके मन में भगवान श्री राम के प्रति ही संदेह हो गया ।शास्त्र में लिखा है। कि श्रद्धावान लभते ज्ञानम, सनसंय आत्मा विनाश्यति, सनंसय आदमी का विनाश कर देता है। और इसी संदेह के कारण शंकरभगवान के मना करने पर भी सती जी ने श्री राम जी की परीक्षा ली ।और अपने पति से झूठ बोला ।और भगवान की बात नहीं मानी।और भगवान के मना करने पर भी अपने पिता के यहां यज्ञ में गई ।और वहां जाकर अपमानित होना पड़ा। गोस्वामी तुलसीदास जी लिखते हैं ।कि संसार में दुख तो बहुत है। पर सबसे बड़ा दुख है ।अपने समाज में व्यक्ति का अपमान होना। यद्यपि जग दारुण दुख नाना।

सबसे अधिक जाति अपमाना। सती जी भगवान शंकर का अपमान सहन ना कर सकी ,और अपने पिता के द्वारा आयोजित यज्ञ में अपने शरीर को भस्म कर लिया। फिर इन्हीं सती जी का अगला जन्म में हिमाचल और मैंना के घर पार्वती जी के रूप में जन्म हुआ। और फिर भगवान शंकर से इनका विवाह हुआ। इसके साथ ही पूज्य गुरुदेव द्वारा गाए हुए मधुर भजनों पर सभी श्रोताओं ने नृत्य किया। कल श्री राम जन्मोत्सव की कथा होगी। इस अवसर पर कमल ताम्रकार ,लखन पाटीदार ,गोपाल दास राठी ,कैलाश पांचम सोनी ,हेमंत गिरी महंत शंकर मंदिर ,चंद्र सिंह राजपूत, जीवन सिंह पटेल ,भगवत मेवाड़ा ,राजू राठौड़, सवाई सिंह जी ठाकुर ,मनीष जी राजपूत ,जोगेंद्र सिंह ठाकुर, गजेंद्र सिंह ठाकुर ( रुपाहेडा ) राजा जी ठाकुर नीरज ठाकुर, मोहन वर्मा, विजेंद्र सिंह ,राजेंद्र सिंह सोलंकी , रतन सिंह डॉक्टर, नरेंद्र सिंह भाटी ,संजीव पांचाल, जहुर मंसूरी , अमन बैरागी,दशरथ मेवाड़ा , विक्रम सिंह पटेल ,हेमंत राठौड़ ,सोनू गुणवान, सहित बड़ी संख्या में मातृशक्तियों की उपस्थित रहीं।

# भारत विकसित रथ यात्रा कार्यक्रम का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज

ग्राम पंचायत बापचा बरामद में भारत विकसित रथ यात्रा का आयोजन किया गया। पटेल दिलीप सिंह, एसडीएम आनंद राजावत जनपद पंचायत सीईओ अमित व्यास, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीवन सिंह मंडलोई, सोनू गुणवान, महेंद्र सिंहधाम सरकार, मानसिंह ईलाही, सरपंच प्रतिनिधि उदय सिंह दरबार, जसमत सरपंच दिलीप सिंह मालवीय, पंचायत सचिव रामचरण गोयल, विक्रम सिंह गेड,नीरज ठाकुर, सज्जन सिंह पवार, स्वच्छाग्रही संतोष कुमार मालवीय का स्वागत किया गया। शासकीय मिडिल स्कूल प्रभारी विक्रम सिंह, सरपंच प्रतिनिधि उदय सिंह दरबार द्वारा बच्चों को कोफी, पेन, रस्सी कूद पुरस्कार के रूप ज्ञान सिंह मालवीय को आयुष्मान कार्ड दिया गया। दिनेश कलेशरिया, पंचायत इंस्पेक्टर शर्मा जी स्वास्थ्य विभाग खाचरोद सेक्टर प्रभारी पहलाद सिंह मालवीय, आशा सहयोगिनी, रेखा बैरागी आशा बबीता, नगीना मालवीय, एएनएम, माया मालवीय, राजेश मेवाड़ा, कृषि विभाग आनंद मालवीय, पिंकू मेडिकल तुलसीराम मैनेजर पगारिया हॉट आदि उपस्थित थे।

### खेत पर पानी फेरते समय चार लोगों ने लट्ठ, हथियारों से किया था हमला

# तंवरवाड़ क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर 4 दिन में दूसरी हत्या



**जिला चिकित्सालय में इलाज के दौरान मौत**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ जिले में जमीनी विवादों में मारपीट, हमले के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। चार दिनों पहले तंवरवाड़ क्षेत्र के नौगांव में एक युवक की हत्या का मामला अभी सुखियों में ही था कि झंझाड़पुर निवासी एक कृषक की फिर से हत्या कर दी गई। पीड़ित कृषक कमल पिता बनेसिंह तंवर उम्र 40 साल निवासी झंझाड़पुर और उसका भतीजा जगदीश रविवार रात्रि खेत पर पानी फेर रहे थे। उसी समय गांव के चार लोगों ने लट्ठ, हथियारों से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल कमल को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां इलाज के दौरान कमल ने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि मृतक की शादी नहीं हुई थी और उन्होंने भतीजे को ही गोद जैसा ले रखा था। घटना की सूचना के बाद अस्पताल पहुंची पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवाया एवं मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। आरोपियों को पकड़ने गांव में पुलिस बल भेजा गया है।

#### मृतक का भतीजा है घटना का चश्मदीद

मृतक कमल तंवर के परिजनों ने बताया कि गांव के एक ही परिवार के लोगों ने कमल की 10, 12 बीघा जमीन पर कब्जा किया हुआ था। इसको लेकर उनके बीच विवाद चल रहा था। रविवार रात्रि करीब 2 बजे कमल तंवर और उसका भतीजा जगदीश खेत में पानी दे रहे थे। भतीजे जगदीश तंवर (18) ने बताया कि उसी समय देवीसिंह पिता गेंदालाल तंवर, नाहर सिंह पिता गेंदालाल, नारायण सिंह पिता देवीसिंह तंवर एवं कल्लू पिता देवीसिंह तंवर चाचा कमल से मारपीट करने लगे। उन्होंने हाथ में हथियार भी लिए हुए थे। हमले से डरा जगदीश भागकर घर आया और अन्य परिजनों को हमले की बात बताई। घर की महिलाएं व अन्य दौड़ते हुए खेत पर आए तब कमल लहुलुहान हालत में खेत में ही पड़ा था और आरोपी भाग गए थे।

#### डॉयल 100 को लगाया फोन लेकिन नहीं पहुंची पुलिस

*अस्पताल में मृतक के परिजनों ने बताया कि इस घटना के बाद उन्होंने पुलिस बुलवाने के लिए डॉयल 100 पर कॉल किया लेकिन कोई नहीं आया। तब वे ही सोमवार सुबह गंभीर घायल कमल को लेकर अस्पताल पहुंचे। यहां एक्सरे किया गया, लेकिन उसके बाद नर्सों ने उपचार पर ठीक से ध्यान नहीं दिया और दोपहर करीब 2 बजे कमल ने दम तोड़ दिया। उधर, ड्यूटी पर तैनात नर्सों की माने तो परिजनों ने बगैर पूछे ही घायल कमल को दूध पिलाया जो संभवतः श्वांस नली में अटक गया।*

#### कार्रवाई होगी

परिजनों के बताए अनुसार हमला करने वालों को पकड़ने गांव में टीम भेज दी है। अभी मृतक का पीएम करवाया जा रहा है। उसके उपरान्त अगली कार्रवाई होगी।

**वीरसिंह ठाकुर, टीआई थाना कोतवाली, राजगढ़**

---

चेतावनी पत्र जारी किया

# लापरवाही की पुनरावृत्ति न हो अस्पताल अधीक्षक ने दिए निर्देश

### रात्रीकालीन समय में सुरक्षाकर्मियों के सोने के फोटो हुए थे प्रकाशित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा


पिछले 3 दिन से नहीं है कोई गायनिक, प्रसूताओं की परेशानी से जिम्मेदार बेखबर

शांति रखिए! सुरक्षा कर्मी सो रहे हैं सिविल हॉस्पिटल भगवान भरोसे

सुरक्षा के नाम पर चल रही मक्कारी, नहीं होती कार्रवाई

कलेक्टर हर्ष दीक्षित के कहने पर हुआ था 1 ऑपरेशन

कार्रवाई की जाएगी

खबर का असर

सुरक्षा कर्मियों के सोते हुए फोटो प्रकाशित होने के बाद सिविल हॉस्पिटल ब्यावरा का प्रबंधन जागा और कार्य में लापरवाही करने पर चेतावनी पत्र जारी करते हुए हॉस्पिटल अधीक्षक ने कहा है कि चिकित्सालय परिसर के पशुओं का विचरण आम बात है तथा वाहनों की पार्किंग भी ठीक ढंग से नहीं कराई जाने से अव्यवस्था बनी रहती है। साथ ही रात्रीकालीन सेवाओं में आप सोते हुए पाए जाने के फोटो समाचार पत्र में प्रकाशित हुए जिसके कारण विभाग की छवि धूमिल हुई है। आपका काम व्यवस्थाओं को बनाए रखना है परंतु आपके द्वारा सेवा शर्तों का उल्लंघन किया जा रहा है। हॉस्पिटल अधीक्षक ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि इसकी पुनरावृत्ति हुई तो आउटसोर्स एजेंसी को वापस करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि सुरक्षाकर्मियों के रात में सोने के फोटो हरिभूमि सामाचार पत्र ने प्रमुखता से छापे थे।

## बंदूक से किया हिरण का शिकार, 2 शिकारी धराए



**राजगढ़-पचोर।** पचोर थानाक्षेत्र के कंजरपुरा में हिरण का शिकार किए जाने का मामला सामने आया है। हिरण को बंदूक की गोली से मारा गया था। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने शिकार करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह दो लोग कंजरपुरा के आसपास के खेत से बाइक पर सवार होकर निकल रहे थे। बाइक पर पीछे बैठे व्यक्ति के हाथ में बंदूक थी। एक खेत में हिरण नजर आने पर गोली चला दी जिससे हिरण ढेर हो गया। इतने में कई ग्रामीण एकत्रित हो गए। ऐसे में शिकारी हिरण को नहीं ले जाए पाए पर दोनों को लोगों ने पहचान लिया। पचोर टीआई आकांशा शर्मा ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना के बाद दोनों आरोपियों अमीन लाला एवं आशिक शाक को पकड़ लिया गया है। आरोपियों पर वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

---

# डीजे में स्पीकरों की संख्या बढ़ाने डीजे संचालकों ने रखी मांग

**कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन**



**राजगढ़।** विगत दिनों शासन द्वारा कानूफोड़ू आवाज में बजने वाले लाउड स्पीकरों, डीजे आदि पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए हैं। इन प्रतिबंधों के कारण डीजे व्यवसाय करने वालों में आक्रोश है। पिछले दिनों सभी डीजे संचालकों को हिदायत दी गई थी कि एक डीजे में दो से ज्यादा स्पीकर नहीं होने चाहिए। ऐसे में सभी डीजे संचालक सोमवार को कलेक्टेट पहुंचे और ज्ञापन के माध्यम से डीजे में स्पीकरों की संख्या बढ़ाने की मांग रखी। डीजे संचालक नीरज मेवाड़े, सुनील बाथम, अजय साहू, सागर मेवाड़े, जीतेंद्र पुष्पद, राकेश मेवाड़े, तेजकरण, कान्हा, दीपक मेवाड़े, घनश्याम मेवाड़े, महेश आदि ने मांग रखी है कि डीजे बजाने को लेकर रात्रि 10 बजे का नियम है। लेकिन, अधिकतर शादी समारोह व अन्य कार्यक्रम रात्रि में ही होते हैं।

अगर 10 बजे से ही डीजे बंद किया गया तो उनका व्यवसाय चौपट हो जाएगा। अधिकतर डीजे संचालकों ने बैंकों से लोन लिया हुआ है। अगर डीजे नहीं चलेंगे तो उनका कारोबार कैसे चलेगा और वे लोन कैसे चुका पाएंगे। ऐसे में शासन को सहानुभूतिपूर्वक डीजे में स्पीकरों की संख्या बढ़ाने की अनुमति देनी चाहिए।

---

टीएल बैठक में कलेक्टर ने दिए कई निर्देश

# संकल्प यात्रा संचालन में लापरवाही पर होगी संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई



**राजगढ़।** अभी तक केंद्र या मप्र शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित रहे लोगों को लाभान्वित करने जिले में संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। इस यात्रा को लेकर सोमवार को कलेक्टोरेट में आहूत टीएल बैठक में कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने संबंधित अधिकारियों को कई निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्होंने कहा कि यात्रा के कार्यक्रम स्थलों पर आमजन की सुविधा के लिए छाया, पेयजल के इंतेजाम किए जाएं। यात्रा में विभागों का मैदान अमला मौजूद रहे। यात्रा से संबंधित क्षेत्र में आगमन की मुनादी के जरिए पूर्व सूचना दी जाए। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान हितग्राहियों को मिल रहे लाभों की दैनिक मॉनिटरिंग की जाए। कोई भी पात्र योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।


टीएल बैठक में कलेक्टर दीक्षित ने आरसीएमएस में दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि राजस्व अधिकारी लंबित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के मामलों का त्वरितता से निराकरण रकें। उन्होंने अपर कलेक्टर को इसकी मॉनिटरिंग के लिए पाबंद किया। टीएल बैठक में उन्होंने यह भी कहा कि सिंचाई योजनाओं के पाईप तोड़ने, फोड़ने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाए।

#### किया जा रहा है ड्रोन से प्रदर्शन

*यात्रा के दौरान कृषि विभाग द्वारा ड्रोन से खेतों में कीटनाशक, उर्वरक के छिड़काव की उच्च तकनीक का भी प्रदर्शन किया जा रहा है। ताकि, कृषकजन इसे सीखें और वापरें। इसके साथ ही यात्रा में स्वास्थ्य विभाग भी शिविरों का आयोजन कर रहा है।*

---

## सड़क हादसे में लहरचा मावि शाला के शिक्षक की मौत



**राजगढ़।** अज्ञात वाहन की टक्कर में लहरचा माध्यमिक शाला में पदस्थ एक शिक्षक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम चाठा में शिक्षक भैरूसिंह पिता किशनलाल तंवर उम्र 43 वर्ष निवासी ग्राम टांडीकला के वाहन में रविवार शाम अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। भैरूसिंह ब्यावरा आ रहे थे, उस दौरान यह हादसा हुआ। हादसे में शिक्षक भैरूसिंह ने दम तोड़ दिया। मामले में पुलिस ने अज्ञात चालक पर लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया है।

---

# ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लगाए गए शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल




विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर ग्रामीणजनों को शासन की नवीनतम योजनाओं की जानकारी दी गई। वहीं लाभांवित हितग्राहियों ने मेरी कहानी-मेरी जुबानी सुनाई। कालापीपल जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत लसुल्डियापातला एवं गालवी में विधायक घनश्याम चन्द्रवंशी के मुख्य आतिथ्य में शिविर का आयोजन हुआ।

विधायक चन्द्रवंशी ने शिविर के दौरान लाभांवित हितग्राहियों से चर्चा की तथा उपस्थित ग्रामीणजनों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए कहा। शिविर स्थल पर स्वास्थ्य परीक्षण के लिए स्टॉल लगाया गया था, जहां स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्थानीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रस्तुति भी दी। लसुल्डियापातला में 380 तथा गालवी में 200 से अधिक ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य राकेश पाटीदार सहित अन्य ग्रामीणजन और जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

---

# जन शिक्षा केंद्र स्तरीय नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का किया गया आयोजन




**सारंगपुर।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल एवं कलेक्टर हर्ष दीक्षित के आदेश अनुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजगढ़ अक्षय तेम्रवाल एवं जिला प्रोढ़ शिक्षा अधिकारी केएन गुप्ता के निर्देशानुसार जन शिक्षा केंद्र बालक एवं कन्या सारंगपुर के संस्था प्रधानों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन उत्कृष्ट विद्यालय सारंगपुर के सभागार में किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए विकासखंड समन्वयक बीएल वर्मा ने कहा कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम केंद्र सरकार की योजना है इसमें 15 वर्ष ऊपर की उम्र के सभी असाक्षर जिनको अक्षर ज्ञान एवं संख्या ज्ञान नहीं है साक्षर किया जाना है। प्रत्येक गांव में अक्षर साथी निशुल्क रूप से सेवाएं दे रहे हैं। हम सब का दायित्व है कि नवभारत साक्षरता कार्यक्रम सुचारू रूप से संचालित हो। विकासखंड समन्वक साक्षरता नरसिंह शर्मा ने कहा कि फरवरी माह में आसक्षरो की परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें जो भी परीक्षार्थी परीक्षा में बैठेंगे उनकी जानकारी निर्धारित प्रारूप पर तैयार करना है तथा साक्षरता कक्षाओं का नियमित संचालन किया जाना है। कार्यक्रम को उत्कृष्ट के जन शिक्षक रमेश तंबोली कन्या शाला के जन शिक्षक गोविंद मालवीय गोपाल मालवीय साक्षरता समन्वयक जगदीश कुंभकार घासीराम मालवीय आदि ने संबोधित करते हुए कहा कि लोगों को जीवन से साक्षरता के कलंक को मिटाकर ही हम सभ्य समाज की परिकल्पना कर सकते हैं। जब तक निक्षरता देश में रहेगी हम उन्नति नहीं कर सकते। इस अवसर पर संस्था प्रधान मांगीलाल भिलाला, मोहन जाटव, कैलाश मालवीय, अरुण शर्मा, संजू भिलाला, फोजिया काजी, शंकर लाल भिलाला, रमेश चंद्र मालवीय, ओमप्रकाश लोढ़ा तेज सिंह भिलाला जगदीश शर्मा ममता वैष्णव आदि उपस्थित थे।

---

## राज्यस्तरीय कबड्डी स्पर्धा में जिले की खिलाड़ी दीपिका, कल्पना करेंगी भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व




**ब्यावरा।** एकलव्य स्पोर्ट्स अकादमी के कबड्डी खिलाड़ी दीपिका पिता कन्हैयालाल मेहर, कल्पना पिता राधेश्याम गौड़ का राज्यस्तरीय कबड्डी शालेय खेल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों का चयन उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। कोच राम भील ने बताया कि चयनित खिलाड़ी भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगी। यहां राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 15 से 20 दिसंबर तक भिंड में आयोजित होगी। इस उपलब्धि पर अकादमी के अध्यक्ष अतुल जगताप, संभागीय खेल अधिकारी शर्मिला डाबर, जिला खेल अधिकारी महेंद्र परमार, एमएस सैफी,चंद्रकांत त्रिपाठी, इंदरसिंह लववंशी, गौरव अग्रवाल, फिरोज लोदी, इंदरनारायण श्रीवास, देवंद्र सक्सेना, मुकेश शर्मा,चंदा खान, निकिता जोशी और खेलप्रेमियों ने शुभकामनाएं और बधाईयां दीं।

---

### जनता की समस्याओं का अधिकारियों ने किया समाधान, वंचित लोगों से लिए आवेदन

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में जिपं सीईओ ने ग्रामीणों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

विकसित भारत संकल्प यात्रा 18 तारीख को ग्राम पंचायत अमरगढ़ और नेवली में पहुंची। विकसित भारत यात्रा में पहुंचे सभी अतिथियों का ग्राम पंचायत की ओर से फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर ही विकसित भारत संकल्प यात्रा में मौजूद विभागों के अधिकारियों द्वारा जनता की समस्याओं का समाधान भी किया गया एवं जो लोग योजनाओं से वंचित रह गए उन लोगों के आवेदन भी प्राप्त किए गए।

प्रधानमंत्री आवास उज्ज्वला योजना एवं तमाम बड़ी-बड़ी 19 योजना को विकसित भारत संकल्प यात्रा में जोड़ा गया है इन योजनाओं पर ग्रामीण क्षेत्रों में जनता के बीच जाकर संवाद किया जा रहा है, उन समस्याओं का समाधान कर लोगों को उसका लाभ देने का काम किया जा रहा है। केंद्र प्रदेश की सरकार की योजनाओं में अगर किसी प्रकार का कोई रोड़ा अटका रहा है उसे पर भी कार्रवाई की जा रही है।सरकार की योजनाओं के पात्र अधिकारियों को प्रमाण पत्र भी बनते जा रहे हैं अतिथियों द्वारा ग्राम अमरगढ़ में भी लाडली लक्ष्मी योजना के बेटियों और उत्कृष्ट काम करने वाले कर्मचारियों को प्रमाण पत्र भी बांटे गए।

**ग्राम नेवली में जिला पंचायत सीईओ ने ग्रामीणों से किया डायरेक्ट संवाद:** जिला पंचायत सीईओ अक्षय



तेम्रवाल सीधे ग्राम नेवली पहुंचे जहां उन्होंने जनता और ग्रामीण लोगों से संवाद किया। योजनाओं में जो लोग वंचित रह गए हैं जिनका किसी ने प्रकार की कोई त्रुटि के कारण उनका नाम है गया है उन लोगों से उन्होंने संवाद करके योजनाओं में उन लोगों का नाम जुड़वाया बच्चों की शिकायत पर आंगनवाड़ी में मिल रहे मध्यान भोजन पर भी नारद की जताते हुए जिला पंचायत सीईओ ने समूह को हटाने के आदेश दिए। साथी ग्रामीण और सरपंच की मांग पर अनेक कार्य करने का आश्वासन उन्होंने दिया। जल निगम के अधिकारियों को भी नेता निर्देशित करते हुए ग्रामीण लोगों को पानी पर्याप्त मिले इसके भी निर्देश दिए गए बिजली विभाग के लाइनमैन यात्रा में किसी शामिल नहीं होने पर उनको भी नोटिस देने की बात कही।

#### पूर्व मंत्री यादव बोले योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचा

पूर्व मंत्री बद्री लाल यादव ने सरकार की सभी योजनाओं नीचे तक चल रही है। मोदी की सरकार ने गरीब कल्याण की योजना बनाकर जन-जन को लाभ पहुंचाने का काम किया है। मोदी सरकार मोदी की गारंटी वाली सरकार में 100 प्रतिशत विकास की गारंटी लोगों को मिल रही है। अगर कोई व्यक्ति योजनाओं से वंचित रह जाता है तो उनको योजना में शामिल करने का भी प्रावधान इस विकसित भारत संकल्प यात्रा में रखा गया है। सभी लोगों को भारत यात्रा का संकल्प भी दिलाया जा रहा है।

#### यात्रा में शामिल हुए जनप्रनिधि और प्रशासनिक अधिकारी

विकसित भारत यात्रा में शामिल हुए जिला पंचायत सीईओ अक्षय ताम्रवल, पूर्व मंत्री बद्रीलाल यादव भाजपा जिला उपाध्यक्ष जसवंत गुर्जर नारायण सिंह सालरियाखेडी, मंडल अध्यक्ष पदम लोदी जनभागीदारी अध्यक्ष माधवी परमार, तहसीलदार अहिरवार, भाजपा नेता राजू यादव, ओम पालीवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष गिरराज लंववशी, रघुवीर चौहान जनपद सीईओ ईश्वर वर्मा सरपंच सुशीला कमलेश मीना, भाजपा नेता प्रकाश मीणा शिवराज मीना बनेसिंह सौंधिया, सचिव राजेंद्र मीना, अमरगढ़ सचिव मनोज शर्मा सहित आंगनबाड़ी, कृषि विभाग, जल निगम, जनपद एसडीओ समस्त अधिकारी कर्मचारी ग्रामीणजन सहित बड़ी संख्या में हितग्राहियों की उपस्थिति रही।